बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या 36/2014, असैनिक अभियंत्रण (Civil Engg.) की लिखित परीक्षा रद्द करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं.–36/2014, असैनिक अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी** की लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा जो **दिनांक 30.03.2016** को एक पाली में **(समयः– 12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक)** निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थीः–

क्रम सं॰	परीक्षा केन्द्रों का नाम
1.	जे॰डी॰ वीमेन्स कॉलेज, पटना
2.	राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना– 23
3.	दयानन्द विद्यालय (+2), मीठापुर, पटना– 1
4.	दयानन्द कन्या विद्यालय, मीठापुर, पटना– 1

2. आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त, अपरिहार्य कारणों से यह परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इस आलोक में दिनांक 30.03.2016 की आयोजित परीक्षा में सभी उपस्थित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन की उपर्युक्त सभी चारों केन्द्रों पर आयोजित की गई लिखित परीक्षा अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

3. उक्त विज्ञापन के तहत लिखित पुर्नपरीक्षा उन उम्मीदवारों की ही ली जाएगी जो उक्त केन्द्रों पर उक्त तिथि (दिनांक 30.03.2016) की लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए थे। पुर्नपरीक्षा कार्यक्रम की सूचना बाद में समाचार पत्रों में एवं आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायगी।

4. उपर्युक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

ह०/ 16/5

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना